हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 20 जुलाई 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

12 युवान और वन महोत्सव में 200 बच्चों ने लिया ...



12 जिले में 15,100 सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य





SHRIRAM HOSPITAL Founded on faith, focused on health
श्रीराम हॉस्पिटल
200 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
रायपुर रोड, लिमाही-बलौदा बाजार (छ.ग.)
(प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ चिकित्सक)



डॉ. राजकुमार बरनवाल MBBS, MD (MEDICINE) FOUNDER & CHIEF MEDICAL DIRECTOR
डॉ. श्रवण कुमार सोनी MBBS, DNB (MEDICINE) चिकित्सा निदेशक
डॉ. साकेत मेहता MBBS, DCH (Pediatric) शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. शुभम साव MBBS, MS (ORTHO) ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. विजय कुमार डेम्बरा MBBS DGO (OBS & GYNAE) प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. सूरज कुमार जायु MBBS MCH (UROLOGY) किडनी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. विशाल बादल मोहंती MBBS, DNB जनरल सर्जन
डॉ. मंजूषा एमडी MBBS, MD निश्चेतना विशेषज्ञ
डॉ. पायल गोयल MBBS, MS (Ophth.) नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. ऐश्वर्या बरनवाल BPT फिजियोथेरेपिस्ट
आयुष्मान भारत योजना/स्मार्ट कार्ड/राशन कार्ड, ESIC, BSNL, FCI, CSPDCL एवं समस्त प्रकार के हेल्थ इंश्योरेंस (TPA) द्वारा कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध!
श्रीराम हॉस्पिटल रायपुर रोड, लिमाही-बलौदा बाजार (छ.ग.) 9851322220, 9551322220 SHRI RAM HOSPITAL @srhbalodabazar www.shriramhospitalbb.com

## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स



1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी

विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.

## खबर संक्षेप



### डायल 112 की टीम ने बचाई चालक की जान

**बलौदाबाजार।** थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के हलवाई खपरी के पास रविवार दोपहर तेज रफ्तार माजदा वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। हादसे में चालक शेखर निषाद (24), निवासी हलवाई खपरी, गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही दोपहर करीब 3 बजे डायल 112 (बाज-02) की टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची। आरक्षक राजेश लकड़ा एवं चालक दुर्गेश साहू ने स्थानीय लोगों की मदद से केबिन में फंसे घायल चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। दुर्घटना में चालक के पैर और आंख के पास गंभीर चोटें आई थीं तथा अधिक रक्तस्राव हो रहा था। पुलिस टीम ने बिना विलंब किए घायल को डायल 112 वाहन से जिला अस्पताल बलौदाबाजार पहुंचाया, जहां उसे तत्काल इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू कराया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और 'गोल्डन आवर' में मिले उपचार से घायल को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकी।

### साबर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा आज निकलेगी

**सेल।** ग्राम पंचायत साबर में 20 जुलाई को महाप्रभु जगन्नाथ भगवान का रथयात्रा निकाला जाएगा। बलभद्र बहन सुभद्रा का झांकी निकाला जाएगा जिसकी तैयारियां जोरों से चल रहा हैं। सरपंच दुर्गा वर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इसी वर्ष भी हर्षोल्लास के भगवान जगन्नाथ बलभद्र बहन सुभद्रा का शाम करीब पांच बजे झांकी निकाला जाएगा। जिसमें गजामुंग का प्रसाद वितरण किया जाएगा। ग्राम पंचायत साबर के गुड़ी चौंक में रथयात्रा का आयोजन किया गया है। आसपास के दुकानदार एवं ग्रामिणो को आमंत्रित किया गया है कि जगन्नाथ, बलभद्र, बहन सुभद्रा का झांकी निकाला जाएगा देखने के लिए बड़ी संख्या में शामिल होने का न्योता दिया गया हैं ।

### विशेष लोक अदालत में सवा 17 लाख रुपए का हुआ अवॉर्ड पारित

**सरायपाली।** न्यायालय भवन में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें 7 प्रकरणों में लगभग सवा 17 लाख रुपए का अवॉर्ड पारित हुए। उक्त प्रकरण विगत 5 वर्षों से विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन थे। जिन्हें आपस में सुलझा लिए जाने पश्चात दोनों पक्षों में खुशी व संतुष्टि नजर आई।

## खेती किसानी : 4 दिन की बारिश ने जगाई आस

# रुक-रुककर हुई बारिश से खेत लबालब किसानों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

अंचल में पिछले चार दिनों से लगातार हो रही रिमझिम बारिश ने किसानों के चेहरों पर खुशी लौटा दी है। लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे किसानों को अब राहत मिली है। लगातार हुई वर्षा से खेतों में पर्याप्त पानी भर गया है, जिससे खरीफ सीजन की खेती को नई गति मिलने लगी है। धान की खेती पर निर्भर इस क्षेत्र के किसानों का कहना है कि समय पर हुई बारिश उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

बारिश के चलते खेतों में नमी और जलभराव की स्थिति बनने से धान रोपाई का कार्य अब तेज होने की उम्मीद है। कई गांवों में किसान परिवार सुबह से शाम तक खेतों में रोपाई की तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिन खेतों में पहले पानी की कमी के कारण काम रुका हुआ था, वहां अब कृषि गतिविधियां तेजी से शुरू हो गई हैं। ट्रैक्टर, हल और कृषि उपकरणों की आवाजाही भी बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी इसी तरह संतुलित बारिश होती रही तो धान की फसल अच्छी होने की पूरी संभावना है। इससे उत्पादन बढ़ेगा और किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा। वहीं कृषि विशेषज्ञ भी समय पर हुई बारिश को खरीफ फसलों के लिए लाभदायक बता रहे हैं। उनका कहना है कि लगातार लेकिन हल्की बारिश धान की रोपाई के लिए सबसे उपयुक्त मानी जाती है। कुल मिलाकर चार दिनों से हो रही ▶▶ शेष पेज 11 पर

### किसानी कार्य में आई तेजी, खेतों में किसान



#### खेती के अनुकूल है बरसात

हालांकि कुछ निचले क्षेत्रों में पानी का अधिक भराव भी देखने को मिला है। किसानों का कहना है कि यदि लगातार अत्यधिक बारिश हुई तो जल निकासी की व्यवस्था भी जरूरी होगी, ताकि फसलों को नुकसान न पहुंचे। फिलहाल अधिकांश किसान इस बारिश को खेती के लिए बेहद अनुकूल मान रहे हैं।

#### उमस और गर्मी से मिली राहत

भवानीपुर सहित आसपास के गिद्धपुरी, खपरी, भरूवाडीह, चरौदा, बम्हनी, रिवाडीह और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेत पानी से लबालब नजर आ रहे हैं। गांवों का प्राकृतिक सौंदर्य भी बारिश के कारण निखर उठा है। मौसम सुहावना होने से लोगों को उमस और गर्मी से भी राहत मिली है।

## किसानों को आधुनिक खेती की दी जानकारी



**बिलाईगढ़/गिरसानाला ।** कृषि विभाग बिलाईगढ़ द्वारा आत्मा योजना के अंतर्गत ग्राम करियाटार में एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति भगवनतीन कुंजराम पटेल, जनपद सदस्य पुष्पा साहू, सरपंच पिंकी चौहान सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

- आत्मा योजना के तहत करियाटार में कृषक संगोष्ठी

संगोष्ठी में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृष्ण कुमार साहू ने किसान सम्मान निधि, कृषक उन्नति योजना, सौर सुजला, सूक्ष्म सिंचाई, कृषि यंत्रीकरण, जैविक खेती, दलहन-तिलहन विस्तार सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिक पी.के. घृतलहरे ने धान की वैज्ञानिक खेती, मिट्टी परीक्षण, प्रमाणित बीज, संतुलित उर्वरक उपयोग और फसल प्रबंधन पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। कृषि वैज्ञानिक बी.एल. साहू ने मेड़ों पर अरहर व तिल की खेती को बढ़ावा देने की सलाह दी।

#### किसान योजनाओं का उठाएं लाभ

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविंद्र कुर्रे ने उन्नत पशुपालन तथा उद्यान विभाग की ऋचा साहू ने सब्जी एवं फलदार फसलों की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला किसानों सहित बड़ी संख्या में कृषकों ने भाग लिया। अधिकारियों ने किसानों से शासकीय योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाकर आधुनिक तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया।

## बकरी को बचाने के प्रयास में पुलिया से टकराई बाइक तीन घायल, एक गंभीर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



थाना क्षेत्र के ग्राम सुकदा तुरतुरिया के पास मुख्य मार्ग पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बाइक के सामने अचानक बकरी आ जाने पर उसे बचाने के प्रयास में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। जिनमें बाइक चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल पहुंचाकर भर्ती कराया गया।

- एक ही परिवार के सदस्य परिचित के जा रहे थे घर
- ग्राम सुकदा तुरतुरिया के पास हुआ हादसा

पुलिस के अनुसार सुबह करीब 11 बजे कंट्रोल रूम से सूचना मिलने पर डायल-112 में तैनात आरक्षक आशुतोष बंजारे और वाहन चालक नेतराम पटेल तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुए। मौके पर पहुंचने पर तीन लोग घायल अवस्था में मिले। उनकी पहचान रामनारायण वर्मा (55 वर्ष), रेवती बाई वर्मा (50 वर्ष) तथा उनकी 14 वर्षीय बेटी के रूप में हुई। सभी ग्राम जंगलोर थाना पलारी के निवासी ▶▶ शेष पेज 11 पर

#### जंगलोर सरपंच के माध्यम भिजवाई सूचना

डायल-112 की टीम ने तीनों घायलों को सावधानीपूर्वक सरकारी वाहन से सीएचसी कसडोल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार शुरू किया। घायलों के पास परिजनों का मोबाइल नंबर नहीं होने के कारण पुलिस टीम ने ग्राम जंगलोर के सरपंच से संपर्क कर परिवार को हादसे की सूचना भी पहुंचाई। डायल-112 की त्वरित कार्रवाई और संवेदनशीलता के चलते घायलों को समय पर उपचार मिल सका, जिसकी स्थानीय लोगों ने भी सराहना की।

## वंदे भारत सहित 4 एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की उठी मांग

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर रेलवे जोन व रायपुर डिवीजन के अंतर्गत भाटापारा रेलवे स्टेशन एक भारी भरकम आय देने वाला अति महत्वर्पूण स्टेशन है। इस स्टेशन से सात विधान सभा क्षेत्र के लोग यात्रा करते है। साथ ही इस स्टेशन के करीब एक दर्जन से अधिक बड़े-बड़े सीमेन्ट फैक्टरी तथा भाटापारा शहर के लगभग 550 से अधिक राईस दाल पोहा उद्योग स्थित है। जहां से संबंधित लोग भारत के कोने-कोने पर ट्रेन के जरिये यात्रा करते है। इस लिहाज से भाटापारा रेलवे स्टेशन में ट्रेन क्रमांक 12851-12852 बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेस





ट्रेन तथा 17005-17006 दरभंगा हैदराबाद एक्सप्रेस एवं 13425-13426 मालदा टाउन सुरत एक्सप्रेस के अलावा 12879-12880 कुर्ला भुवनेश्वर एक्सप्रेस का हरहाल में स्टापेज जरूरी हो गया है। वहीं बिलासपुर नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस का स्टापेज भी लोगों ने शीघ्र ही स्वीकृत करने की पुरजोर मांग की है।

## 30 घरों में हुआ 'गृहे गृहे यज्ञ' वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजा माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के तत्वावधान और गायत्री प्रज्ञा पीठ के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे 'गृहे गृहे यज्ञ' अभियान के तहत ग्राम बिटकुली में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। यहां गायत्री परिवार के परिजनों के सहयोग से गांव के 30 घरों में विधि-विधान से यज्ञ का आयोजन संपन्न कराया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में स्थानीय नागरिकों का विशेष योगदान रहा। मुख्य रूप से पंचराम साहू, मकसूदन लाल साहू, हिरेंद्र साहू के विशेष सहयोग से गांव के 30 परिवारों में एक



साथ यज्ञ की पवित्र ज्योति जलाई गई। वैदिक मंत्रों से आहुतियां समर्पित यज्ञ के दौरान गायत्री परिवार के आस-पास के अनुभवी परिजनों ने उपस्थित रहकर सभी घरों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कराई। श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि ▶▶ शेष पेज 11 पर

## भाजपा सरकार के खिलाफ सड़क से विधानसभा तक लड़ाई का ऐलान

# कांग्रेस को जिताना है तो सबको साथ लेकर चलना होगा: महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने विधायक इन्द्र साव के निवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए नेताओं और कार्यकर्ताओं को लगातार जनता के बीच रहना होगा। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि संगठन की मजबूती, आपसी समन्वय और जनता के बीच लगातार सक्रियता ही चुनावी सफलता की कुंजी है।

- संगठन को मजबूत बनाने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को जनता के बीच रहना होगा

नेता प्रतिपक्ष री महंत ने भाजपा सरकार के ढाई वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस द्वारा विधानसभा में लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 136 बिंदुओं पर सरकार को घेरा था। उन्होंने कहा कि यह केवल कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव नहीं था, बल्कि जनता की समस्याओं और सरकार के खिलाफ जनता के विश्वास का दस्तावेज था। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार, छत्तीसगढ़िया लोगों को दबाने, शराब बिक्री और जनविरोधी नीतियों के कारण जनता परेशान है। महतारी वंदन योजना के तहत 1000 देने और दूसरी ओर बिजली बिलों में बढ़ोतरी के माध्यम से जनता से अधिक राशि वसूलने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार एक हाथ से देने और दूसरे हाथ से जनता से वसूलने का काम कर रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया तो कांग्रेस गली-गली और मोहल्ले-मोहल्ले जाकर सड़क से लेकर विधानसभा तक जनता की लड़ाई लड़ेगी।



#### स्मार्ट मीटर खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

बिजली बिलों को लेकर भी कांग्रेस ने सरकार पर हमला बोला। श्री महंत ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद ग्रामीण और आम उपभोक्ता परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई लोगों के बिजली बिलों में अचानक भारी बढ़ोतरी हुई है और उपभोक्ताओं को पहले की तुलना में कई गुना अधिक बिल थमाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिजली बिल और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर एकजुट होकर सरकार के खिलाफ संघर्ष करेगी और स्मार्ट मीटर तथा बढ़े हुए बिजली बिलों के खिलाफ जनता की आवाज बुलंद की जाएगी।

#### कानून व्यवस्था पर भी राज्य सरकार को घेरा

प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए चरणदास महंत ने कहा कि अपराध बढ़ रहे हैं, अत्याचार हो रहे हैं, नशे का कारोबार फैल रहा है, गोलियां चल रही हैं और हत्याएं हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपराध और नशे पर प्रभावी नियंत्रण करने में असफल साबित हो रही है। महंत ने कहा कि प्रदेश के सीधे-साधे लोगों को नशे और अपराध के जाल में फंसाया जा रहा है। उन्होंने सरकार पर कानून व्यवस्था के मोर्चे पर पूरी तरह विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस अब इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी।

# किरण ने कहा- जनता का विश्वास खो चुकी कांग्रेस, सुशील बोले- ढाई साल में सरकार से उठा भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में कांग्रेस द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के औंधे मुंह गिरने पर कहा, यह इस बात का स्पष्ट और जीवन्त परिचायक है कि कांग्रेस पर से न सिर्फ सदन का, बल्कि छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन का विश्वास भी पूरी तरह खत्म हो गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, अविश्वास प्रस्ताव के 136 बिंदुओं के आरोपों तथा कांग्रेस विधायकों के तर्कों के सामने सरकार का जनविरोधी चेहरा सदन में बेनकाब हो गया तथा विधानसभा में कांग्रेस विधायक यह साबित करने में सफल साबित हुए कि सरकार ढाई साल में ही जनता का भरोसा खो चुकी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस की राजनीतिक दुर्दशा पर कहा, कांग्रेस आज एक ऐसे चौराहे पर खड़ी है, जहाँ उसके पास न तो कोई दिशा है और न ही कोई नेतृत्व। बिना किसी ठोस तथ्य, तर्क और आधार के लाया गया यह अविश्वास प्रस्ताव दरअसल भाजपा सरकार के खिलाफ नहीं, बल्कि कांग्रेस के भीतर चल रही गुटबाजी और उसके मानसिक दिवालियेपन का हताश प्रदर्शन था। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता ने भारी बहुमत से भाजपा को सेवा का मौका दिया है। मात्र कुछ ही महीनों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार ने मोदी की गारंटियों को धरातल पर उतारा है। कांग्रेस इस जन-हितैषी विकास को पचा नहीं पा रही है। कांग्रेस आज पूरी तरह बिखर चुकी है। सदन में उनके पास सरकार को घेरने का कोई वास्तविक मुद्दा नहीं था।

**कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के बाद सियासी बयानबाजी**



### अविश्वास प्रस्ताव गिरा, पर सरकार बेनकाब : कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, जिन मुद्दों को जनता के बीच मोदी की गारंटी के नाम से प्रस्तुत कर भाजपा ने वोट लिया था वह उसी को भूल गयी। मोदी की गारंटी के अधिकांश वादे ढाई साल बाद भी भाजपा के संकल्प पत्र तक ही सीमित है। सरकार न कानून व्यवस्था संभाल पा रहा और न ही राज्य के वित्तीय व्यवस्था, आम आदमी असुरक्षित है, विकास कार्य ठप्प है, युवाओं को रोजगार नहीं मिला, प्रदेश का किसान, आदिवासी सभी का सरकार पर से भरोसा उठ गया है।

## खबर संक्षेप

### सीएम से स्मार्ट मीटर पर त्वरित संज्ञान का आग्रह इदरीस ने लिखा पत्र

**रायपुर।** स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि की शिकायतों को लेकर छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर मामले में त्वरित संज्ञान लेने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र में कहा, प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिलों में अचानक बढ़ोतरी की शिकायतें सामने आ रही हैं। लोगों का कहना है कि मासिक बिल अब कई गुना बढ़ गया है, जिससे उनके घरेलू बजट पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कम खपत के बावजूद अधिक बिल आने की शिकायतों से उपभोक्ताओं में चिंता और असंतोष का माहौल बन रहा है।



### छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत का मुखी संवाद कार्यक्रम 26 को



**रायपुर।** छग पूज्य सिंधी पंचायत प्रदेश स्तरीय मुखी संवाद कार्यक्रम का आयोजन 26 जुलाई बैंक्वेट हॉल जोरा में होगा, जिसमें प्रदेश से लगभग 120 पंचायतों के मुखी एवं कार्यकारिणी सदस्य शामिल होंगे। इस दौरान समाज की एकता, उन्नति के लिए सुझाव, विचार पर चर्चा की जाएगी। साथ ही नए संविधान पर भी विचार-विमर्श कर उसे अमल में लाया जाएगा। शनिवार की समाज में रिश्तों में तकलीफ, रिश्तों में टूट, रिश्तों में भरोसे की कमी पर गंभीरता से विचार कर पंचायतों के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। इसी के तहत रायपुर शहर की समस्त पंचायतों की एक बैठक कर 26 जुलाई के मुखी संवाद कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की तैयारी के लिए सभी को कार्यभार सौंपा गया। बैठक में रायपुर की समस्त पंचायतों ने एक सुर में समाज की एकता को मजबूत करने की बात कही एवं एक संगठन की बात पर विश्वास जताया। यह आयोजन की जानकारी संस्था के सह प्रवक्ता गौरव मंधानी ने देते हुए बताया कि बैठक में बाबा मुरलीधर उदासी, प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, अमित चिमनानी, अमर पारवानी, राज विक्रम, गिरीश लहेजा, बलराम आहूजा, कैलाश बालानी, अच्चूमल गावरी, अर्जुन दास ओछवानी, रमेश मिर्घानी, जीवत बजाज, तनेश आहूजा, जोधाराम वाधवाणी, प्रकाश रहेजा, मुरलीधर केवलानी, हरनाम तलरेजा, गुरनामाल रोहरा, सतराम दास बजाज, नरसा लालवानी आदि शामिल रहे।

### घर-घर पहुंचाया जा रहा स्मार्ट मीटर बदलने का आवेदन

# कांग्रेस का स्मार्ट मीटर बदलो अभियान प्रारंभ, उपभोक्ताओं से भरवाए फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा घरेलू बिजली उपभोक्ताओं की लगातार बढ़ती शिकायतों और स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद अत्यधिक बिजली बिल की समस्या को लेकर जन अभियान की शुरुआत की गई। शनिवार को बरसते पानी में यह अभियान शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड स्थित लाखेनगर चौक बिजली कार्यालय के सामने से प्रारंभ किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में घर-घर जाकर स्मार्ट मीटर बदलने एवं बिजली बिलों की जांच की मांग से संबंधित आवेदन पत्र वितरित किए तथा उपभोक्ताओं से आवेदन भरकर बिजली विभाग में जमा करने की अपील की। इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों ने अभियान का समर्थन किया। अभियान के दौरान बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। अनेक उपभोक्ता स्वयं आगे बढ़कर आवेदन पत्र लेने पहुंचे और बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिल पहले की तुलना में कई गुना बढ़ गए हैं।



#### ये थे मौजूद

आज के कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, प्रमोद दुबे, विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, आकाश शर्मा, सुशांत डे, बंशी कन्नौजे, सुयश शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, राज देवांगन, विनोद ठाकुर, सुधा सरोज, मुन्ना मिश्रा, देवकुमार साहू, दीपक चौबे, संदीप शर्मा, प्रतीक तिवारी, ऋषि देवांगन, प्रीति सोनी, मुकेश कुकरेजा, वेंकट कुमार, सुरेशजैन, मोहसिन खान, ओमप्रकाश देवांगन, दिमेन्द्र डीप, अमित शर्मा, प्रणव चौबे सहित कांग्रेसियों के साथ दर्जनों नागरिक उपस्थित थे।

#### बिरगांव में भी भरवाए आवेदन

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण द्वारा आम जनता के हित में स्मार्ट मीटर हटाओ–जन आवेदन अभियान की शुरुआत बिरगांव ब्लॉक से की जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव एवं घर-घर पहुंचकर आम नागरिकों से स्मार्ट मीटर हटाने के लिए आवेदन भरवाएंगे तथा प्राप्त आवेदनों को संबंधित विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय में जमा करेंगे। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा जनता पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### कांग्रेस के पास लगातार आ रही शिकायतें : मेनन

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बड़ी संख्या में घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। लगातार लोग कांग्रेस के पास अपनी शिकायतें लेकर पहुंच रहे हैं। हमारा उद्देश्य जनता की आवाज को संगठित कर बिजली विभाग तक पहुंचाना है, ताकि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच हो और उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। बीजेपी सरकार महतारी वंदन में 1 हजार देकर बिजली बढ़े बिल, ट्रैफिक चालान, टैक्स वृद्धि और महँगाई के माध्यम से जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाकर लूट रही है।

#### सभी वार्ड में चलेगा अभियान, 2 हजार आवेदन वितरित : उपाध्याय

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि अभियान के पहले ही दिन 2,000 से अधिक आवेदन पत्र वितरित किए गए हैं। जो इस बात की सूचक है की लोग स्मार्ट मीटर से परेशान हैं, इसलिए उनका अभूतपूर्व समर्थन मिला है। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा, अब यह अभियान रायपुर शहर के सभी 70 वार्डों में चलाया जाएगा। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता घर घर जाकर आवेदन भरवाएगा और जनता के अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगा।

## सिंचाई विभाग के निविदा प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता सहित 3 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

राज्य शासन ने सिंचाई विभाग के निविदा प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता केएस गुरुवर, कार्यपालन अभियंता अरविंद कुमार कोशले, वित्त नियंत्रक रूद्र प्रताप सिंह चौहान और वरिष्ठ लेखाधिकारी बालेंद शेखर मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह आदेश विभाग के उप सचिव की ओर से जारी किया गया है।

बताया गया है कि उच्च न्यायालय द्वारा लोअर डोडकी डायवर्जन स्कीम की नहर की मरम्मत एवं लाइनिंग कार्य एमएस आर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी को तकनीकी रूप से अर्ह घोषित कर 18 मार्च को खोले गए वित्तीय बिड की कार्यवाही को मनमानी, असंगत एवं अनुच्छेद 14 के विपरीत पाया गया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को एक लाख रुपये का मुआवजा भुगतान करने आदेशित किया है।

**5 दिन में मांगा जवाब**

कोर्ट की सख्ती के बाद राज्य शासन ने नोटिस जारी कर कहा है कि इस स्थिति में प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि निविदा प्रकोष्ठ द्वारा तथ्यों की अनदेखी कर, पदीय दायित्वों एवं नियमों के विपरीत लापरवाही पूर्वक कार्यवाही की गयी है। अतः आप इस कारण बताओ सूचना पत्र प्राप्ति के 5 दिवस के भीतर स्पष्ट करें।

## राज्य में समान नागरिक संहिता का प्रारूप तैयार करने बनी समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने एवं इसके प्रारूप का मसौदा तैयार करने के लिए शासन ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति की अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई करेंगी, वहीं समिति में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शत्रुघन सिंह, एमके राऊत, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन पवार तथा सेवानिवृत्त प्राचार्य ज्योति रानी सिंह को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। वर्तमान विधिक स्थिति का अध्ययन करने के साथ सुझाव देगी समिति , राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के संबंध में वर्तमान विधिक स्थिति का अध्ययन करेगी। इसके साथ ही विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण सहित संबंधित विषयों पर समान नागरिक संहिता के लिए सुझाव प्रस्तुत करेगी। समिति नागरिकों, सामाजिक संगठनों, विधि विशेषज्ञों एवं अन्य हितधारकों से सुझाव प्राप्त कर उनका अध्ययन करेगी।

## केके रोड मौदहापारा अब कृष्ण कुमार शर्मा मार्ग

### विधायक सुनील सोनी ने नामपट्टिका लगाकर किया अनावरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

केके रोड मौदहापारा जयस्तम्भ चौक से फाफाडीह चौक तक का मार्ग अब कृष्ण कुमार शर्मा मार्ग के नाम से जाना जाएगा। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने शनिवार को इस मार्ग की नामपट्टिका का अनावरण किया। इस मौके पर सभापति सूर्यकांत राठौर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने स्वर्गीय कृष्ण कुमार शर्मा के परिवारजनों द्वारा विगत दिनों उनके ब्राम्हणपारा वार्ड क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान उन्हें इस ओर ध्यान आकृष्ट करवाया और मार्ग के नामकरण पट्टिका लगवाने का अनुरोध किया। इस पर श्री सोनी ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ से चर्चा कर उन्हें केके रोड मौदहापारा में कृष्ण कुमार शर्मा मार्ग की नाम पट्टिका तत्काल बनवाकर लगवाने का सुझाव दिया।

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी के सुझाव पर नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने जोन 2 के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर जोन 2 के माध्यम से कृष्ण कुमार शर्मा मार्ग नामकरण पट्टिका बनवाई। इसके बाद रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने नामकरण पट्टिका का अनावरण किया। इस मौके पर सभापति सूर्यकान्त राठौड़, ब्राम्हणपारा वार्ड पार्षद अजय साहू सहित सामाजिक कार्यकर्त्ता कृष्ण कुमार अवधिया, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नीतू शर्मा, सामाजिक कार्यकर्त्ता आकाश पाण्डेय, चांदनी देवांगन एवं जोन 2 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता पी. डी. धृतलहरे,स्वर्गीय कृष्ण कुमार शर्मा के भतीजे अशोक शर्मा सहित उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

## हर शनिवार 35 सफाई कामगारों का विशेष गैंग लगाकर एक वार्ड की कराई जाएगी सफाई

### जोन 7 कमिश्नरी की बैठक में पार्षदों से चर्चा के बाद लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- हर वार्ड से 5 सफाई कर्मचारी, इस तरह 7 वार्ड से 35 सफाई कर्मचारी जुटाएंगे

रायपुर नगर निगम जोन 7 में जोन आयुक्त डॉ. तृप्ति पाणिग्रही और वार्ड पार्षदों की शनिवार को बैठक आयोजित हुई। इसमें चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक शनिवार को जोन एक वार्ड में 35 सफाई कर्मचारियों का विशेष गैंग लगाकर वार्ड की सफाई करवाई जाएगी। इसके लिए हर वार्ड से 5 सफाई कर्मचारी लिए जाएंगे, इस तरह 7 वार्ड से 35 कर्मचारी जुटाकर विशेष सफाई अभियान बारी-बारी से जोन 7 के सभी वार्डो में चलाया जाएगा।

बैठक में जलभराव की समस्या के कारण और समस्या के निराकरण को लेकर जोन के अधिकारी कर्मचारी व वार्ड पार्षदों की चर्चा हुई। इस तरह 7 वार्डो की समस्या जोन कमिश्नर डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के समक्ष पार्षदों द्वारा रखी गई।



बैठक में निर्माण कार्य में देरी, वेंडिग जोन के लिए सर्वे कराने और अतिक्रमण की समस्या को लेकर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही बारिश के सीजन में मौसमी बीमारियों को लेकर वार्डवासियों को जागरूक करने, एमएमयू भेजकर स्वास्थ्य शिविर लगाने और विकास कार्यो को तेज करने के अलावा कार्य आदेश के बाद भी समय पर विकास कार्य नहीं करने वाले संबंधित ठेकेदारों को काली सूची में दर्ज करने पर सहमति बनी। आमानाका के वेंडिग जोन और सीएसआरमद में एक वेंडिग जोन विकसित करने का निर्णय लिया गया।

नगर निगम जोन 7 कार्यालय में हुई बैठक में जोन कमिश्नर डॉ. तृप्ति पाणिग्रही जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू, पार्षद आनंद अग्रवाल, मीना ठाकुर, रोनिता प्रकाश जगत, दीप-मनीराम साहू सहित कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस सहित जोन 7 के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रणवानंदा अकादमी ने किया कृषि महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण

**रायपुर।** प्रणवानंदा अकादमी द्वारा कक्षा छठवीं से नौवीं तक के विद्यार्थियों के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि, पर्यावरण संरक्षण तथा वैज्ञानिक खेती की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। इस दौरान विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया तथा अनेक प्रकार के फलदार वृक्षों, सब्जियों एवं औषधीय पौधों को उनके वानस्पतिक नामों सहित देखा-समझा। उन्होंने पौधों की पहचान, फसलों की खेती तथा टिकाऊ (सतत) कृषि पद्धतियों के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों को जैविक (ऑर्गेनिक) खेती की अवधारणा से भी अवगत कराया गया। साथ ही विद्यार्थियों ने आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, मृदा प्रबंधन तथा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका के विषय में भी जानकारी प्राप्त की। विद्यालय प्रबंधन ने कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं समस्त स्टाफ का उनके अमूल्य मार्गदर्शन तथा आत्मीय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस नहीं लगाने वाले 149 बस ऑपरेटरों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- परमिट रद्द करने की दी चेतावनी

परिवहन विभाग ने 149 बस मालिकों को अपनी बसों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस नहीं लगाने पर नोटिस जारी कर 23 जुलाई तक जवाब मांगा है। संतषोप्रद जवाब नहीं मिलने पर बस मालिकों को परमिट रद्द करने की चेतावनी दी है। बताया जा रहा है, बस मालिक अपनी बसों में जीपीएस लगाकर ही काम चला रहे हैं। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सभी सार्वजनिक वाहन में अनिवार्य रूप से वीएलटीडी लगाने आदेश जारी किया है।



सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए परिवहन विभाग ने राज्य के सभी बस मालिकों को अपनी बसों में वीएलटीडी लगाने निर्देश जारी किया। निर्देश जारी होने के बाद 149 बस ऑपरेटरों द्वारा अपनी बसों में वीएलटीडी नहीं लगाए जाने की परिवहन विभाग के अधिकारियों को जानकारी मिली। इसके बाद विभाग ने उन बस मालिकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बस ऑपरेटर अपनी बसों में जीपीएस लगाकर काम चला रहे हैं। जिन लोगों ने अपनी बसों में वीएलटीडी लगा लिया है, ऐसे बस ऑपरेटरों को दस्तावेज पेश कर निर्धारित शुल्क जमा करने के निर्देश दिए हैं।

### बसों का नहीं बनेगा फिटनेस सर्टिफिकेट

बसों में वीएलटीडी नहीं लगाने वाले बस ऑपरेटरों के परमिट रद्द करने की कार्रवाई अंतिम होगी। इसके पूर्व इन बस ऑपरेटरों का फिटनेस सर्टिफिकेट जारी नहीं किया जाएगा, उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। बस ऑपरेटरों को अपनी बसों में अनिवार्य रूप से वीएलटीडी लगाना है। बसों में वीएलटीडी लगे होने से परिवहन विभाग के अफसर बसों की आवाजाही पर निगरानी कर सकते हैं। साथ ही इससे बसों की निगरानी होगी। घटना होने पर बसों की लोकेशन के आधार पर त्वरित मदद पहुंचाने में मदद मिलेगी।

### 1 जून से अब तक 307.2 मिमी औसत बारिश दर्ज

## छत्तीसगढ़ में मानसून की चौतरफा दस्तक बिलासपुर संभाग में सबसे अधिक बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

छत्तीसगढ़ में मानसूनी बादलों के साथ ही प्रदेशभर में खेती-किसानी की गतिविधियों में तेजी आ गई है। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, 1 जून से अब तक पूरे प्रदेश में औसतन 307.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो पिछले 10 वर्षों के आज तक के रिकॉर्ड (375.4 मिमी) का 81.8 प्रतिशत है। शनिवार को राज्य में औसतन 17.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है।इस सीजन में बिलासपुर संभाग के जिलों में मानसूनी बादल सबसे ज्यादा मेहरबान रहे हैं। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला पूरे प्रदेश में शीर्ष पर है, जहां अब तक 525.4 मिमी बारिश हो चुकी है, जो इसकी औसत का 178.7 प्रतिशत है। जांजगीर-चांपा में 441.5 मिमी और बिलासपुर जिला 383.7 मिमी बारिश हो चुकी है, जहां आज सर्वाधिक 58.6 मिमी पानी बरसा। वहीं मुंगेली में 365.4 मिमी, सक्ती में 360.0 मिमी, कोरबा में 343.6 मिमी और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 299.4 मिमी बारिश हो चुकी है, जहां आज 57.4 मिमी की तेज बौछारें पड़ीं। रायगढ़ में अब तक 283.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### सरगुजा संभाग में बलरामपुर अव्वल

उत्तरी छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में भी बारिश की स्थिति संतोषजनक बनी हुई है। यहाँ बलरामपुर जिले में औसत से 148 प्रतिशत अधिक यानी 337.5 मिमी बारिश हो चुकी है। साथ ही कोरिया में 267.9 मिमी, जशपुर में 267.3 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 266.8 मिमी और सूरजपुर में 252.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। हालांकि, सरगुजा जिले में अब तक केवल 161.0 मिमी बारिश हुई है, जो औसत का 61.4 प्रतिशत ही है।



### रायपुर और दुर्ग संभाग में सामान्य

मध्य छत्तीसगढ़ के रायपुर और दुर्ग संभागों में भी बादल झूमकर बरस रहे हैं। रायपुर संभाग के महासमुंद में 397.5 मिमी, बलौदाबाजार में 390.3 मिमी आज यहां 39.3 मिमी बारिश हुई है, गरियाबंद में 370.6 मिमी और राजधानी रायपुर में 367.8 मिमी आज यहां 12.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। वहीं धमतरी में अब तक 278.8 मिमी, दुर्ग संभाग की स्थिति देखें तो दुर्ग में 331.5 मिमी, बालोद में 326.3 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 243.0 मिमी, बेमेतरा में 222.0 मिमी और कबीरधाम में 209.2 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। हालांकि, राजनंदगांव में अब तक 142.9 मिमी ही पानी गिरा है।

### बस्तर संभाग : दंतेवाड़ा-नारायणपुर में राहत

दक्षिण छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में बारिश का मिला-जुला असर देखने को मिल रहा है। दंतेवाड़ा जिला 405.5 मिमी बारिश के साथ संभाग में सबसे आगे है। इसके बाद नारायणपुर में 354.0 मिमी और बीजापुर में 311.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इसके उलट बस्तर जिले में 292.7 मिमी, कोण्डागांव में 254.0 मिमी, सुकमा में 249.5 मिमी और कांकेर में 239.7 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है।

# युवान और वन महोत्सव में 200 बच्चों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

## एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में हुआ पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार वनमण्डल अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को नियमित रूप से संचालित किए जा रहे युवान कार्यक्रम एवं वन महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न वन परिक्षेत्रों में वन भ्रमण, पौधारोपण, प्रकृति शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के अंतर्गत अर्जुनी, देवपुर, कोठारी, सोनाखान एवं बल्दाकछार वन परिक्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों एवं परिसरों में विद्यार्थियों को वन एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। वन भ्रमण के दौरान उन्हें वनों एवं वन्यजीवों का मानव जीवन में महत्व, जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण संतुलन, जल एवं मृदा संरक्षण तथा प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन शैली के बारे में विस्तार से बताया गया।



### संवेदनशील व जिम्मेदार समाज का होगा निर्माण

विद्यार्थियों ने वन भ्रमण, पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण, वन एवं वन्यजीव संरक्षण, जल एवं मृदा संरक्षण तथा प्रकृति संरक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते हुए पौधों की सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने कहा कि युवान कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति के निकट ले जाकर उन्हें व्यवहारिक रूप से पर्यावरण एवं वन संरक्षण की शिक्षा देना है। उन्होंने कहा कि जब बच्चे प्रकृति को समझेंगे और उसके संरक्षण में स्वयं भागीदारी करेंगे, तभी भविष्य में एक संवेदनशील एवं जिम्मेदार समाज का निर्माण होगा। वनमण्डल द्वारा प्रत्येक शनिवार इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक युवा प्रकृति संरक्षण के इस अभियान से जुड़ सकें।

साथ ही विद्यार्थियों को मिट्टी कटाव के कारण एवं उसके रोकथाम के उपायों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान कोठारी, सोनाखान एवं बल्दाकछार वन परिक्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों एवं ग्रामों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छायादार एवं फलदार प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। विद्यार्थियों, वन प्रबंधन समितियों, एवं ग्रामीणों ने पौधारोपण कर पौधों की सुरक्षा एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर पौधारोपण के साथ-साथ वनों से प्राप्त होने वाले प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभों के बारे में भी जानकारी साझा की गई। अर्जुनी वन परिक्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला अर्जुनी, कोठारी वन परिक्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला कोठारी सहित कुल 7 स्थानों पर युवान कार्यक्रम एवं वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में लगभग 200 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## खबर संक्षेप

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**बिलाईगढ़।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे बच्चे आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इच्छुक बच्चे, अभिभावक, संस्थाएं अथवा अन्य व्यक्ति नामांकन कर सकते हैं। स्व-नामांकन की सुविधा भी उपलब्ध है। सभी आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। राज्य शासन ने अधिक से अधिक पात्र बच्चों से आवेदन करने की अपील की है।

### डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**बिलाईगढ़।** कृषि विभाग द्वारा प्रतिष्ठित डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार 2026 हेतु जिले के पात्र किसान आवेदन पत्र को पूर्ण रूप से भरकर संबंधित विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 तक जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कार्यालय उप संचालक कृषि, साहू धर्मशाला के पास सारंगढ़ से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त आवेदन को छानबीन समिति द्वारा परीक्षण उपरांत कार्यालय उप संचालक कृषि में जमा किए जाएंगे। पुरस्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी कृषि विभाग की आधिकारिक वेबसाइट एग्री पोर्टल डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध है। कृषि विभाग ने जिले के पात्र एवं इच्छुक कृषकों से समय- सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है।

### पृथ्वीराज टंडन का नवोदय में चयन

**हिरमी रावन।** ज्ञानोदय शिशु मंदिर हिरमी में अध्ययनरत कक्षा नवमीं के होनहार छात्र पृथ्वीराज टंडन ने जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ग्राम कुथरौद निवासी पृथ्वीराज टंडन, पिता अमर रतन टंडन एवं माता सावित्री टंडन के सुपुत्र हैं। उनकी इस स्वर्णिम सफलता पर विद्यालय परिवार और ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल है। ज्ञानोदय शिशु मंदिर के प्राचार्य पी. आर. वर्मा ने कहा की पृथ्वीराज शुरू से ही पढ़ाई में बेहद प्रतिभावान और होनहार रहे हैं। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, अटूट लगन और अनुशासन से यह मुकाम हासिल किया है।



### शादी का झांसा देकर किशोरी से रेप, 20 वर्ष कैद

**रायपुर।** शादी करने का झांसा देकर किशोरी की रेप करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश गिरीश कुमार मंडावी की कोर्ट ने 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक मोनिस बोस के अनुसार, कोर्ट ने राहुल क्षत्रिय को कोर्ट ने कैद की सजा सुनाई है। आरोपी ने 9 मई 2024 को शादी करने का झांसा देकर अपहरण कर उसे अपने साथ कोटा स्थित अपने मकान में ले गया था। पतासाजी करने के बाद नहीं मिलने पर किशोरी की पिता ने गुढ़ियारी थाने में 11 मई 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर रख रहे नजर

# संकुल प्राचार्य एवं स्त्रोत समन्वयक ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विकासखंड तिल्दा अंतर्गत विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संकुल प्राचार्य अशोक कुमार कोशले एवं संकुल स्त्रोत समन्वयक देवेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा लगातार विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण, विद्यार्थियों को नियमित रूप से कक्षा कार्य एवं गृहकार्य दिए जाने सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन संतोषजनक पाया गया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति का भी अवलोकन किया तथा शिक्षकों को नवाचारी शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया।



### शैक्षणिक उपलब्धियों में सुधार का कर रहे प्रयास

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि विद्यालय का प्रत्येक शिक्षक बच्चों के सर्वांगीण विकास और बेहतर सीखने के परिणामों के लिए पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि नियमित मूल्यांकन, सतत अभ्यास, गतिविधि आधारित शिक्षण तथा अभिभावकों के सहयोग से विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों में निरंतर सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर एवं भारती तांती भी उपस्थित रहे और विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी अधिकारियों को प्रदान की।

### बंगोली स्कूल में साइकिल वितरण

बंगोली। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंगोली में 18 जुलाई को संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया जिसमें कक्षा पहली, छठवीं के बच्चों को पाठ्यपुस्तक, गणवेश एवं नवमी के बच्चों को पाठ्यपुस्तक एवं बालिकाओं को सरस्वती साइकिल वितरण किया। वहीं नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर तिलक लगाकर सम्मान किया। हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में दस सर्वोच्च प्राप्तांक वाले विद्यार्थी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य पुरुषोत्तम देवांगन, तोकसिंह वर्मा शाला प्रबंधन एवं विकास समिति से डोमार सिंह वर्मा, डोमन नायक, सरपंच उत्तम कुमार वर्मा, कुमार चक्रधारी पंच,ललित वर्मा, व्याख्याता रेणु वर्मा, आकांक्षा झा, दिलेश्वरी देवांगन, टिकेश्वरी चंद्राकर, गायत्री गुप्ता, प्रीति चंद्रकांत, रश्मि बाघमारे, अपूर्वा साहू, देवप्रिया साहू, सुष्मिता दिवाकर, सविता चंद्राकर, तुलसी राम साहू, मानकी साहू, कल्पना नायक, मंजूषा वर्मा, ऊषा ठाकुर सम्मिलित रहे।



### खुरसुला स्कूल के 37 छात्राओं को साइकिल वितरित



बिलाईगढ़। निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला विकासखण्ड बिलाईगढ़ के शिक्षा सत्र 2026-27 में अध्ययनरत कक्षा 9 वीं के 37छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामकुमार डडसेना अध्यक्ष शाला विकास समिति,विशिष्ट अतिथि सुशीला गेसराम सहिस सरपंच ग्राम पंचायत खुरसुला, मंजू डडसेना उपाध्यक्ष उपस्थित थे। अध्यक्ष रामकुमार डडसेना ने सायकल वितरण करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती सायकल योजना एक ऐसी पहल है जो छात्राओं को शिक्षा जारी करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें निःशुल्क प्रदान करती है। इस योजना के मुख्य उद्देश्य यह है कि छात्राओं को स्कूल आने- जाने के लिए सुविधा प्रदान करके स्कूल छोड़ने की दर कम करने में मदद करती है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा। कई छात्राएँ परिवहन सुविधा की कमी के कारण पैदल स्कूल आते जाते थे। सायकल मिलने से उनके चेहरे पर खुशी की झलक दिखाई पड़ी। लाभान्वित छात्राओं ने खुशी जताते हुए कहा कि अब उन्हें स्कूल आने जाने में समय की बचत होगी और सुरक्षा की दृष्टि से भी सुविधा होगी। छात्राओं ने यह भी बताया कि सायकल मिलने से उनके यह सायकल उनकी शिक्षा में निरंतरता सुनिश्चित करेगी। इस योजना से आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सकूलों में पढ़ाई करने वाले छात्राओं के लिए मिल का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य हरेंद्र कुमार शांडिल्य, रामसहाय डडसेना, श्याम लाल नवरत्न, देवेंद्र कुमार राकेश, सालिक राम साहू, मदनलाल तोमर, लीलेश कुमार, राजेश, महेंद्र कुमार चतुर्वेदी, सुनीता चतुर्वेदी, सुरेशकुमार रात्रे, शिवकुमारी महीनांगे, कुसुमलता ठाकुर, रामचन्द्र पटेल, कमलेश कैवर्त्य उपस्थित रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** करहीबाजार पुलिस ने नाबालिग बालिका के कथित अपहरण और दुष्कर्म के मामले में एक युवक को बिलासपुर जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता को सकुशल बरामद कर न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार 25 जून 2026 को 17 वर्षीय बालिका के लापता होने पर उसकी मां की शिकायत पर करहीबाजार चौकी में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने बालिका को बिलासपुर जिले के ग्राम मेढ़रा से बरामद किया। पुलिस का कहना है कि न्यायिक प्रक्रिया के तहत दर्ज कराए गए पीड़िता के बयान और मेडिकल परीक्षण के आधार पर प्रकरण में बीएनएस की धारा 64(1) एवं 87 के साथ पॉक्सो अधिनियम की धारा 4 और 6 जोड़ी गई। इसके बाद पुलिस टीम ने मेढ़रा में दबिश देकर आरोपी आशिष निर्मलकर (22), निवासी मेढ़रा, जिला बिलासपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। मामले की विवेचना जारी है। चूंकि प्रकरण न्यायालय में विचारणीय है, इसलिए आरोपों का अंतिम सत्यापन न्यायिक प्रक्रिया के दौरान होगा।

# रैम्प योजना के तहत उद्यमिता विकास कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

केंद्र सरकार की रैम्प योजना एवं सीएसआईडीसी छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रायवेट लिमेटेड द्वारा बेलदार सिवनी (तिल्दा) में बिजनेस डेवलपमेंट सर्विस प्रोवाइडर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उद्यमियों को डिजिटल मार्केटिंग, वित्तीय सहायता, ब्रांडिंग, पैकेजिंग, गुणवत्ता प्रमाणन, ई-कॉमर्स, बाजार विस्तार तथा शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

मास्टर ट्रेनर शिवेंद्र यदु ने उद्यमिता के अवसरों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला समन्वयक कुणाल वर्मा, जनसंपर्क अधिकारी अनूप चंद्राकर, पीआरपी हेमकुमारी सहित बड़ी संख्या में क्लस्टर की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# जोहार संगवारी फुटबॉल एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित



**खरोरा।** जोहार संगवारी फुटबॉल एसोसिएशन (जेएसएफ) खरोरा के पदाधिकारियों का निर्वाचन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक माहौल में संपन्न हुआ। नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद प्रत्येक पद के लिए एक-एक वैध नामांकन मिलने पर सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। नई कार्यकारिणी में कुमार अमोल रतन साहू अध्यक्ष, मोरध्वज मानिकपुरी एवं विनय वर्मा उपाध्यक्ष, परमेश्वर दास मानिकपुरी कोषाध्यक्ष, अभिषेक वर्मा सचिव तथा तुषार गुप्ता संयुक्त सचिव निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुमार अमोल रतन साहू ने सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एसोसिएशन का लक्ष्य क्षेत्र में फुटबॉल खेल को बढ़ावा देना, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं अवसर उपलब्ध कराना तथा युवाओं में अनुशासन, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है।

### रोहित बने भाटापारा कन्याशाला विकास समिति के अध्यक्ष

**भाटापारा।** रोहित साहू (टेहका वाले) को स्वामी आत्मानंद पंचम दीवान शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा का सर्वसम्मति से शाला विकास समिति का ( अध्यक्ष) बनाया गया।



इस पर रोहित साहू ने छत्तीसगढ़ कोर कमेटी के सदस्य व पूर्व विधायक शिव रतन शर्मा व प्रिंसिपल नामदेव सर का आभार व्यक्त किया, जिससे ग्राम पंचायत टेहका के लोगों में हर्ष व्याप्त है। इस पर भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जनपद अध्यक्ष सविता प्रदीप अनंत, जनपद उपाध्यक्ष भोला राम वर्मा, भाटापारा भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, पार्षद व पूर्व अध्यक्ष कुंजराम कोसले, भाटापारा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, महामंत्री खुमान वर्मा व ठाकुर राम साहू ग्राम पंचायत टेहका सरपंच ने हर्ष व्यप्त की है।

# 15 खिलाड़ियों का जोन स्तर पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी में दिनांक 18 जुलाई को जिला स्तरीय 14 वर्ष बालक चयन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसका शुभारंभ कनकी स्कूल के प्राचार्य सीमा मेश्राम मैम के द्वारा माता सरस्वती के छायाचित्र की पूजा अर्चना के साथ किया गया और साथ ही खिलाड़ियों को अच्छे खेल का प्रदर्शन कर अपने स्कूल और माता पिता का नाम रौशन करने के लिए प्रेरित किए।

इस कार्यक्रम में कनकी स्कूल के सभी शिक्षक सरला दीवान, सविता उष्या, रामजी निषाद, वीणा ठाकुर, अगनुदास टंडन, श्वेता त्रिपाठी, अंजू मरकाम, विजयलक्ष्मी वर्मा, अशोक कोशले, सत्यम सिंह और विभिन्न विकासखंड से आये व्यायाम शिक्षक, कोच, मैनेजर उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता का आयोजन कनकी स्कूल के व्यायाम शिक्षक पुष्कर साहू के तत्वाधान में संपन्न कराया गया। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में रायपुर जिला के चार विकासखंड तिल्दा, आरंग धरसींवा और अभनपुर के कुल 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया इनमें से 15 खिलाड़ियों को महासमुन्द में होने वाले जोन स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।

## समूह की महिलाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

# जिले में 15,100 सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



शासन की महत्वकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का जिले में बेहतर क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय विभागों के साथ ही समूह की महिलाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

हितग्राहियों से ऑनलाइन फॉर्म भरवाने एवं बैंको में अवश्यक समन्वय के लिये समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को संकुल सोनाखान में संकुल स्तरीय संगठन को वेंडर रजिस्ट्रेशन एवं अन्य जटिल विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना लागू की गई है। योजना अंतर्गत केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा सब्सिडी का प्रावधान है। 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाने पर कुल खर्च 1 लाख 80 हजार आता है। इसमें 1 लाख 8 हजार सरकार की ओर सब्सिडी मिलती है। केवल 72 हजार हितग्राही का होता है वह भी 3 साल में रिकवर हो जाता है। बैंक से ऋण की भी सुविधा है। सोलर पैनल के लिये ऑनलाइन आवेदन के साथ ही बैंक ऋण का भी विकल्प होता है। बैंक से आसानी से फाइनेंस हो जाता हैं। बताया गया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अब तक जिले में 4140 लोगों ने सोलर पैनल लगवाया है। योजना के तहत इस वर्ष 15100 सोलर पैनल लगवाने का लक्ष्य निर्धारित है।

